प्रोफेसर भरत राज सिंह ने "भारतरत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया" के कार्यों के बारे में बताया

लखनऊ | 16 सितम्बर 2023

भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया, जो एक महान विद्वान, शिक्षाविद और भारत के सबसे प्रसिद्ध सिविल इंजीनियर थे, की 163 वीं जयंती के अवसर पर, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ ने 15 सितंबर 2023 को 56वां इंजीनियर दिवस मनाया। कार्यक्रम का प्रारम्भ, उनके चित्र पर माल्यार्पण और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उदबोधन के साथ आयोजित किया गया।

श्री शरद सिंह, सचिव व कार्यकारी अधिकारी, एसएमएस, इस अवसर पर सभी इंजीनियरिंग संकाय के शिक्षकों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। डा0 मनोज कुमार मेहरोत्रा ने भी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को सर विश्वेश्वरैया जी के कार्यो से प्रेरणा लेने की बात कही।

प्रोफेसर (डॉ.) भरत राज सिंह महानिदेशक (तकनीकी), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने भारतरत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के द्वारा किए गए अग्रणी कार्यों के बारे में विस्तार से सभा को संबोधित किया। उन्होंने सर एम विश्वेश्वरैया के नक्शेकदम पर चलने और राष्ट्र के लिए सार्थक योगदान देने के लिए शिक्षकों व छात्र-छात्राओं भी प्रेरित किया। डा0 धर्मेन्द्र सिंह-सह निदेशक ने भारत के महान इंजीनियरों के कार्यों को सूचीबद्धकर उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण के लिए किये गये उल्लेखनीय कार्यो को मनन करने व उनका अनुसरण करने की बात कही। इसी क्रम में, इंजीनियर विजन की नयी गठित समिति की शपथ डा0 हेमन्त कुमार-डीन इंजीनियरिंग द्वारा दिलायी गयी।

इस अवसर पर भारी संख्या में, विभागाध्यक्ष-डा० अमरजीत सिँह, ईलेक्ट्रिकल, पंकज कुमार यादव, यांत्रिकी, डा0 आशा कुलश्रेष्ठ, सिविल इंजीनियरिंग, सुनित मिश्रा कम्प्यूटर साइन्स एवं इंजीनियरिंग तथा श्री अमोद पाण्डेय-प्रिन्सिपल (डिप्लोमा) व शिक्षकगण भाग लिए तथा इंजीनियर्स दिवस पर छात्रों के रचनात्मक विचारों, समर्पण और तकनीकी ज्ञान को प्रज्वलित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुजाता सिन्हा, सहायक प्रोफेसर, एसएमएस, लखनऊ द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर बनाने व प्रश्नावली की प्रतियोगिता करायी गयी जिसमें वर्तिका सिंह, खुशी गिरि, आयुष शुक्ला विजेता घोषित किये गये।

डा0 भरत राज सिंह
महानिदेशक (तकनीकी)
स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईंसेज, लखनऊ
इमेल:brsinghlko@yahoo.com; मोबाईल: 9415025825

---

https://ghoomtaaina.in/prof-dr-bharat-raj-singh-director-general-technical-school-of-management-sciences-lucknow-addressed-the-gathering-in-detail-about-the-pioneering-work-done-by-bharatratna-sir-mokshagundam-v/